**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला प्रादेशिक समाचार**

**20.06.2024** **1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना व हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3 सौ 56 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- विधानसभा उपचुनाव के तहत देहरा विधानसभा क्षेत्र में 2 जबकि नालागढ़ में एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा–नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा–भेदभाव और वादा खिलाफी कांग्रेस का असली चरित्र।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन–राज्य स्तरीय कार्यक्रम शिमला के रिज मैदान पर।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज ऊना और हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3 सौ 56 करोड़ 72 लाख रूपए की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें पेखूबेला में 2 सौ 20 करोड़ रूपए की 32 मैगावॉट क्षमता की सौर उर्जा परियोजना और 92 लाख रूपए के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन पीरनिगाह का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेखूबेला सौर उर्जा परियोजना से सालाना 6 करोड़ 61 लाख यूनिट बिजली पैदा होगी जिससे राज्य सरकार को प्रतिवर्ष 19 करोड़ 17 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त होगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल देश का पहला हरित उर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर है और सरकार ने प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड को 5 सौ मैगावॉट सौर उर्जा स्थापित करने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निगम ने 47 मैगावॉट की 3 सोलर परियोजनाओं के निर्माण कार्य आबंटित कर दिए हैं।

## सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज ऊना के हरोली पंजुवाना में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजना प्रदेश के इतिहास में एक क्रांतिकारी शुरूआत है जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बल्क ड्रग पार्क में लगने वाले उद्योगों को एक रूपए की दर से भूमि, 3 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली और 10 साल तक निशुल्क पानी की सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि जैजों से पोलियां तक 5 किलोमीटर लम्बी रेल लाईन बिछाने के लिए प्रदेश सरकार बजट का प्रावधान करेगी जिस पर 34 सौ करोड़ रूपए खर्च आएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए राज्य सरकार की तरफ से एक हजार करोड़ रूपए उपलब्ध करवाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन

चौहान ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क में दवाओं का कच्चा माल तैयार होगा क्योंकि केन्द्र सरकार चीन पर अपनी निर्भरता खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ये परियोजना ऊना जिला के लिए वरदान साबित होगी।

**नामांकन**

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में 2 जबकि नालागढ़ में एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र भरा। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के.एल. ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में आज दो निर्दलीय प्रत्याशियों सुलेखा देवी और अरूण अंकेश स्याल ने अपने नामांकन दाखिल किए। प्रवक्ता ने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल आखिरी दिन है जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उपुचनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि 13 जुलाई मतगणना होगी।

**नामांकन रैली**

इस बीच नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के.एल. ठाकुर के नामांकन के बाद आशीर्वाद रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप व सिकंदर कुमार और अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर के.एल. ठाकुर ने कहा कि नालागढ़ में कांग्रेस बाहर से प्रत्याशी लाकर चुनाव मैदान में उतारती है और ऐसे लोग क्षेत्र में अवैध खनन व विभिन्न तरह के माफिया को संरक्षण देते हैं। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि आए दिन प्रदेश में कई तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर कोर्ट के बाहर दिन दहाड़े फायरिंग की घटना होना भी राज्य सरकार पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। रैली को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी नालागढ़ सीट पर जीत हासिल करेगी और उसके बाद हिमाचल में सरकार बनाएगी।

**अनुराग ठाकुर**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भेदभाव और वादा खिलाफी कांग्रेस का असली चेहरा व चरित्र है। नालागढ़ में आज भाजपा प्रत्याशी के.एल. ठाकुर के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बने 16 महीने बीत गए हैं लेकिन यहां कि माताएं बहनें अभी भी 15 सौ रूपए प्रति महीने का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के नालागढ़ और साथ लगते इलाकों में स्थापित उद्योगों में 7 लाख लोग कार्यरत हैं और ये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की सरकार में सम्भव हुआ था। अनुंराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश को औद्योगिक पैकेज भी केन्द्र में भाजपा सरकार के समय 2002 में ही मिला था लेकिन उसके बाद की कांग्रेस सरकार ने इसमें भी अड़ंगा लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस

सरकार ने लोकसभा चुनाव में हर ताकत का इस्तेमाल किया लेकिन नालागढ़ के लोगों ने भाजपा के प्रत्याशी को 15 हजार से ज्यादा वोटों की लीड दिलाई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में जंगल आग की भेंट चढ़ रहे हैं और लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं लेकिन सरकार सोई हुई है। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने पार्टी प्रत्याशी के.एल. ठाकुर को विजयी बनाने का लोगों से आग्रह किया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है और मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं। एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर के पास दिन दहाड़े गोलियां चल रही हैं, लोगों की बेरहमी से हत्या की जा रही है और बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में ऐसी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से देवभूमि की छवि खराब हो रही है और सरकार इस संबंध में कोई उचित कदम नहीं उठा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि देवभूमि में इस तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सरकार से कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

**जगत नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में स्थानीय क्षेत्र विकास समिति लाडा की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान बैठक में उन्होंने शोंगटोंग–करच्छम जल विद्युत परियोजना, काशंग जल विद्युत परियोजना व अन्य लघु जल विद्युत परियोजनाओं के प्रबंधकों और परियोजना प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ प्रभावित पंचायतों में चल रहे विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक ली। नेगी ने विद्युत परियोजना प्रबंधकों से स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने में प्राथमिकता देने को कहा।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने जल शक्ति विभाग व नगर निगम को सोलन ज़िला में पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोलन में आज एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए समयसारिणी निर्धारित करते हुए इसकी कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित की जाए। शांडिल ने प्रसिद्ध माँ शूलिनी मेले के दौरान पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।

**योग दिवस**

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल 21 जून को प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योगाभ्यास करवाने के अलावा इसके फायदों के बारे में जागरूक किया जाएगा। राजधानी शिमला के रिज मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आयुष व खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बताया कि 21 जून को प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक संस्थानों पर भी योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से इन योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है। योग दिवस के अवसर पर सांसद व पूर्व केन्द्रीय

मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जसंवा प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र के डाडासिंबा में योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। उधर लाहौल स्पिति जिले के 3 उपमण्डल मुख्यालयों के विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास करवाया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर बनिता शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अटल टनल नॉर्थ पोर्टल पर आयोजित किया जा रहा है।

**रोष रैली**

शिमला के रिज मैदान पर बाहरी राज्यों के कारोबारियों के स्टॉल लगाने को लेकर लक्कड़ बाजार शिमला कारोबारी एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। कारोबारियों ने लक्कड़ बाजार बंद कर शिमला जिला प्रशासन के खिलाफ रोष रैली निकाली और रिज मैदान पर लगाए गए स्टॉल को तुरंत हटाने की मांग की। कारोबारियों का कहना है कि रिज मैदान एक ऐतिहासिक धरोहर है और देश विदेश से लोग यहां इसकी प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के लिए पहुंचते हैं ऐसे में रिज मैदान पर दुकानें नहीं लगनी चाहिए।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना व हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3 सौ 56 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- विधानसभा उपचुनाव के तहत देहरा विधानसभा क्षेत्र में 2 जबकि नालागढ़ में एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा–नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा–भेदभाव और वादा खिलाफी कांग्रेस का असली चरित्र।

**और**

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन–राज्य स्तरीय कार्यक्रम शिमला के रिज मैदान पर।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार**